# विदर्भ स्वाभिमान

RNI NO. MAHHIN / 2010 /43881


संपादक : सुभाषचंद्र दुबे

प्रबंधक : सौ. विणा एस. दुबे

www.vidarbhswabhiman.com

❖ अमरावती, गुरूवार 13 से 19 जून 2024 ❖वर्ष :14 ❖ अंक- 51 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य - 4/-आरएनआई नं. MAHHIN/2010/43881 पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2022-2024 ❖डाक : शुक्रवार-शनिवार

## बाबूजी के आदर्श विचार



### पूज्य बाबूजी का जीवन सिद्धांत

जिन परिवारों में रिश्तों की कदर की जाती है, मान मर्यादा रखा जाता है, उन घरों में खुशियां अत्याधिक होती हैं, बीमारी की स्थिति कम होती है. लेकिन जिन घरों में सदैव तनाव होता है, वहां सदैव परेशानियां होती हैं. घर का माहौल खुशनुमा रहे, इसके लिए हर सदस्य को प्रयास करना चाहिए. ऐसा करने से घर ही स्वर्ग बन जाता है. हम सभी की भावनाएं जब समझते हैं तो निश्चित तौर पर खुशियां होती हैं, इसका सभी ध्यान रखें.

# तीन साल तेजी से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

## भारत के लिए खुशखबरी, विश्व बैं क की रिपोर्ट में हुआ खुलासा, मिलेगी बड़ी राहत

**नई दिल्ली/विशेष संवाददाता**

भारतीयों के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी है. आगामी तीन साल तक भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ने वाली है. विश्व बैंक की नवीनतम वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट के मुताबिक भारत में वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि बढ़कर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है. यह विश्व बैंक के जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान से 1.9 प्रतिशत अधिक है. रिपोर्ट के मुताबिक भारत अगले तीन वर्षों में 6.7 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि दर्ज करते हुए सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था

विदर्भ स्वाभिमान




बना रहेगा.

बताया गया है आगामी तीन साल तक भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ेगी. इतना ही नहीं तो पाकिस्तान और पड़ोसी बांग्लादेश में विकास दर प्रभावित हो सकती है. भारत द्वारा इस दिशा में किया जा रहा प्रयास और निवेशकों का बढ़ रहा विश्वास निश्चित तौर पर शुभ संकेत कहा जा सकता है.वैसे भी भारत की अर्थव्यवस्था कुछ वर्षों से बेहतरीन मोड़ पर पहुंच रही है. **शेष पेज 2 पर**

### बाजार सही दिशा में,आर्थिक प्रगति होगी तेज-पूरणसेठ हबलानी



शहर ही नहीं तो राज्यस्तर के सुख्यात व्यवसायी और समाजसेवी पूरणसेठ हबलानी ने विश्व बैं क की रिपोर्ट को सही बताते हुए कहा कि बाजार फिलहाल सही दिशा में है. आगामी दिनों में इसके और अधिक बढ़ने और गति पकड़ने की संभावना है. नई सरकार द्वारा भी पूरी तेजी से इस दिशा में किया जा रहा प्रयास निश्चित तौर पर आगामी दिनों में बेहतरीन असर करने वाला साबित होगा. उनके मुताबिक बाजार में तेजी वाली स्थिति में आगामी दिनों और सुधार निश्चित होगा.










## संपादकीय

# मोदी सरकार की तीसरी पारी, बड़ी जिम्मेदारी

*क्रेन्द्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभालने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां इतिहास पुरूष बन गए हैं, वहीं तीन बार मुख्यमंत्री के साथ ही देश के तीन बार प्रधानमंत्री बनने वाले प्रधानमंत्री भी बन गए. पंडित जवाहरलाल नेहरू को तीन बार प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला था लेकिन वे मुख्यमंत्री नहीं रहे थे, ऐसे में मुख्यमंत्री के साथ ही प्रधानमंत्री के रूप में तीन बार राज्य के साथ ही केन्द्र का नेतृत्व करने का मौका नरेन्द्र मोदी को मिला है. मंत्रिमंडल में जिस तरह से उन्होंने लोगों को शामिल किया है और वे अपने क्षेत्र में सुख्यात हैं, ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि निश्चीत ही यह सरकार भी पूर्व की सरकार की तरह कामकाज का नया मापदंड स्थापित करेगी. तीसरी पारी के साथ ही सरकार पर जिम्मेदारी भी बड़ी है. देशवासियों को पूरा यकीन है कि नई सरकार नए जोश के साथ इन जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में निश्चित रूप से सफल होगी.स्पष्ट बहुमत से भाजपा कुछ सीटें दूर रहने के कारण पिछले दो कार्यकाल की तरह काम करने में थोड़ी दिक्कत से इंकार नहीं किया जा सकता है लेकिन इतना तय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काम करने के तरीके को देखते हुए इस बार भी वे अपने काम की अमिट छाप छोड़ेंगे. काबिल मंत्रियों की टीम भी अपने कामकाज से देश की जनता के जीवन को सुसहय बनाने का अवश्य प्रयास करेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 72 सदस्यों वाली मंत्री परिषद में 30 कैबिनेट मंत्री, 5 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्री शामिल किए गए हैं.भारतीय जनता पार्टी के पास अब अकेले अपने दम पर बहुमत नहीं है. गठबंधन सरकार में तेलुगू देशम पार्टी, जनता दल युनाइटेड, शिवसेना (शिंदे गुट), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), जनता दल सेक्यूलर, राष्ट्रीय लोक दल, हिंदुस्तानी अवामी मोर्चा (हम), द रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया को मिलाकर कुल 11 मंत्री भी हैं.पिछली सरकार के तीन चर्चित चेहरे स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर और राजीव चंद्रशेखर इस बार सरकार से बाहर हैं.*

*वहीं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी को कैबिनेट में शामिल किया गया है. बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को भी कैबिनेट में जगह दी गई है.राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, नितिन गडकरी और पीयूष गोयल उन 19 मंत्रियों में शामिल हैं जिन्हें मोदी की तीसरी सरकार में भी जगह मिली है. इस बार बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी कैबिनेट मंत्री की शपथ ली है.पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी लोकसभा सीट जीतने के बाद मंत्री बनाया गया है. ये सभी राज्यसभा के सदस्य थे.कुल 33 मंत्री ऐसे हैं जो पहली बार मंत्री बने हैं जबकि देश के छह राजनीतिक परिवारों को भी मंत्री परिषद में जगह मिली है. सर्वसमावेश मंत्रिमंडल पर देश की निगाहें हैं. निश्चित रूप से मोदी की सरकार की तीसरी पारी भी देश की प्रगति के लिए काफी बेहतरीन रह सकती है. गरीबों, किसानों के साथ ही सभी वर्गों को न्याय देने का प्रयास करना होगा.*

# परीक्षा में धांधली घातक है देश के लिए




**विदर्भ स्वाभिमान**

मेरी तो खरी-खरी

www.vidarbhswabhiman.com/9423426199

देश में डाक्टर बनाने वाली और प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक नीट की परीक्षा में जिस तरह से गड़बड़ी हुई है, उसकी जितनी निंदा की जाए, वह कम है. लाखों रूपए की फीस भरकर अपने बच्चों को डाक्टर बनाने का सपना संजोने वाले लाखों पिता के सपने जहां टूटे हैं, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर की इस तरह की परीक्षाओं में गड़बड़ी से छात्रों का टूटने वाला भरोसा और उससे पैदा होने वाली कुंठा की तुलना नहीं की जा सकती है. आखिर कहां गड़बड़ी हुई है, इसकी गहराई से जांच करने के साथ ही सरकार को इस मामले को अत्याधिक गंभीरता से लेना चाहिए. आज नौकरी की परीक्षा हो या उच्च शिक्षा की परीक्षा, यह धनवानों की बपौती होने वाली स्थिति पैदा हो गई है. योग्यता को आरक्षण का ग्रहण पहले ही लगा है. ऐसे में इस तरह की परीक्षाओं की तैयारियों के लिए माता-पिता द्वारा लाखों रूपए खर्च किया जाता है. शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि आज वह गरीबों के बूते की बात नहीं रही है. इसके बाद भी अगर कोई मध्यमवर्गीय पिता अपने बच्चे को डाक्टर बनाने के लिए दिन-रात एक करते हुए प्रयास करता है और उस परीक्षा में पर्चा लीक हो जाता है और परीक्षा रद्द कर दुबारा लेने की नौबत आती है तो इसका सबसे बड़ा दर्द उसे ही होता है.

डाक्टरी की प्रवेश परीक्षा नीट में कई प्रकार की धांदळी मक्कारी और




हरामखोरी के कारण लाखों परिवारों का जो सपना टूटा है, क्या उसकी नुकसानभरपाई हो सकती है. मेडिकल, इंजीनियरिंग, फार्मसी और विद्यापीठ के कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षा लेने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए को राष्ट्रीय ठगी एजेंसी के रूप में सोशल मीडिया पर कोसा जा रहा है. यह एनटीए के लिए शर्मसार करने वाली बात है. छात्रों के भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ कदापि उचित नहीं है. सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है और अदालत द्वारा इस मामले में अख्तियार की गई भूमिका से छात्रों में विश्वास भी पैदा हो रहा है. लेकिन सवाल यह पैदा होता है कि इस तरह छात्रों के जीवन और सपनों से जुड़ी इस परीक्षा के मामले में इस तरह की गड़बड़ी आखिर कैसी हो सकती है. परीक्षाओं की विश्वसनीयता प्रभावित होना किसी भी कीमत से देश के हित में नहीं है. छात्रों का भरोसा टूटने का क्या दर्द होता है, इसका अंदाज वही लगा सकता है, जो मेहनत से इस परीक्षा की तैयारी कर रहा है. परीक्षा को लेकर कई माता-पिता ऐसे भी हैं जो सब कुछ गिरवी रखकर इस परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग लगाते हैं. इतना सब करने के बाद भी केवल कुछ स्वार्थियों के कारण अगर धांधली होती है. एजेंसी के जो भी लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए. पेपर लीक होने पर परीक्षा रद्द होनी चाहिए लेकिन यह भी छात्रों पर अन्याय ही है.

# तेजी से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

पेज 1 से जारी आगामी दिनों में इसके और अधिक मजबूत होने की संभावना है. भारत की अर्थव्यवस्था, बांग्लादेश में सुस्त रह सकती है विकास दर; पढ़ें वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट

विश्व बैंक ने कहा-अगले दो वर्षों में वैश्विक वृद्धि बढ़कर औसतन 2.7 प्रतिशत हो जाएगी. विश्व बैंक द्वारा दिया गया यह संकेत निश्चित ही काफी मायने रखता है. वैसे भी मोदी सरकार द्वारा तीसरी बार शपथ ग्रहण के बाद किसानों तथा गरीबों को घर दिलाने के मामले में प्रधानमंत्री द्वारा की गई पहल और इससे जनता को होने वाले लाभ को लेकर अपार उत्साह वाली थिति है. देशवासियों की आशाआकांक्षाओं को दूर करने का काम जहां करने के लिए सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जनसमस्याओं के निराकरण के मामले में भी सरकार के गंभीर रहने से अर्थव्यवस्था कोबूस्टर मिल सकता है. दक्षिण एशिया क्षेत्र में वृद्धि दर 2024 में सुस्त पड़कर 6.2 प्रतिशत रह जाने का अनुमान भी विश्व बैंक की इस रिपोर्ट में जताई गई है. विश्व बैंक द्वारा दी गई रिपोर्ट को लेकर अभी से उत्साह वाली स्थिति है.

**विदर्भ स्वाभिमान**





पीटीआई, नई दिल्ली. भारत अगले तीन वर्षों में 6.7 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि दर्ज करते हुए सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा. विश्व बैंक की नवीनतम 'वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट' के मुताबिक, भारत में वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि बढ़कर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है. यह विश्व बैंक के जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान से 1.9 प्रतिशत अधिक है.इसके साथ ही विश्व बैंक ने वर्ष 2024 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि के 2.6 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान जताया. उसने कहा कि अगले दो वर्षों में वैश्विक वृद्धि बढ़कर औसतन 2.7 प्रतिशत तक हो जाएगी. हालांकि, यह भी कोरोना से पहले के दशक के 3.1 प्रतिशत से काफी कम होगी.रिपोर्ट के मुताबिक, 'इस पूर्वानुमान का मतलब है कि 2024-26 के दौरान दुनिया की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी और वैश्विक जीडीपी वाले देश कोरोना से पहले के दशक की तुलना में धीमी गति से बढ़ रहे होंगे.दक्षिण एशिया क्षेत्र में वृद्धि वर्ष 2023 में 6.6 प्रतिशत रही थी और इसके वर्ष 2024 में सुस्त पड़कर 6.2 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है. इस सुस्ती के पीछे का मुख्य कारण हाल के वर्षों में उच्च आधार से भारत की वृद्धि दर में आई नरमी होगी.हालांकि, विश्व बैंक को भारत में स्थिर वृद्धि दर के साथ 2025-26 में दक्षिण एशिया क्षेत्र की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है. इस क्षेत्र की अन्य अर्थव्यवस्थाओं में बांग्लादेश में वृद्धि पिछले वर्षों की तुलना में थोड़ी सुस्त रह सकती है जबकि पाकिस्तान और श्रीलंका में इसके मजबूत रहने की उम्मीद है.'

विदर्भ स्वाभिमान
आरएनआई नं. MAHHIN/2010/43881
यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbh.swabhiman@gmail.com,www.vidarbhswabhiman.com

# गौरव की बात : मंदिर से चुराई गई 500 साल पुरानी कांस्य मूर्ति वापस भारत में लाई जाएगी

## ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने किया एलान, 500 साल पहले चुराई गई थी संत की मूर्ति



**लंदन**-ब्रिटेन की प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने तमिलनाडु के एक मंदिर से चुराई गई एक संत की 500 साल पुरानी कांस्य मूर्ति को भारत को लौटाने पर सहमति जताई है. इससे तमिलनाडू के लोगों में जबर्दस्त उत्साह दिखाई दे रहा है. वहीं दूसरी ओर यह भारतीयों के लिए भी गौरव से कम नहीं है. इस मूर्ति की चोरी कई साल पहले हुई थी. संत तिरुमंकाई अलवर की 60 सेमी ऊंची प्रतिमा को 1967 में डॉ. जे.आर. बेलमोंट (1886-1981) नामक एक संग्रहकर्ता के संग्रह से सोथबी के नीलामी घर से ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एशमोलियन संग्रहालय द्वारा प्राप्त किया गया था.प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने तमिलनाडु के एक मंदिर से चुराई गई एक संत की 500 साल पुरानी कांस्य मूर्ति को भारत को लौटाने पर सहमति जताई है.

यूनिवर्सिटी के एशमोलियन म्यूजियम की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि 11 मार्च 2024 को, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की परिषद ने एशमोलियन म्यूजियम से संत तिरुमंकाई अलवर की 16वीं सदी की कांस्य मूर्ति को वापस करने के लिए भारतीय उच्चायोग के दावे का समर्थन किया. यह निर्णय अब स्वीकृति के लिए चैरिटी आयोग को भेजा जाएगा.संत तिरुमंकाई अलवर की 60 सेमी ऊंची प्रतिमा को 1967 में डॉ. जे.आर. बेलमोंट (1886-1981) नामक एक संग्रहकर्ता के संग्रह से सोथबी के नीलामी घर से ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एशमोलियन संग्रहालय द्वारा प्राप्त किया गया था.संग्रहालय का कहना है कि पिछले साल नवम्बर में एक स्वतंत्र शोधकर्ता ने उसे इस प्राचीन मूर्ति की उत्पत्ति के बारे में जानकारी दी थी, जिसके बाद उसने भारतीय उच्चायोग को इस बारे में सूचित किया.भारत सरकार ने कांस्य मूर्ति के लिए औपचारिक अनुरोध किया, जिसके बारे में माना जाता है कि वह तमिलनाडु के एक मंदिर से चुराई गई थी और नीलामी के माध्यम से संग्रहालय में पहुंच गई थी.


विदर्भ स्वाभिमान

RNI NO. MAHHIN /2010 /43881

संपादक : सुभाषचंद्र दुबे    प्रबंधक : सौ. विणा एस. दुबे

| | | |
|---|---|---|
| जाहीर सुचना | 10x2 | 500 |
| जाहीर सुचना | 15x2 | 1000 |
| बच्चों का जन्मदिन | 10x2 | 500 |
| शादी की वर्षगांठ | 10x2 | 500 |
| नाम में बदल | 10x2 | 500 |
| गुमशुदा | 10x2 | 400 |
| श्रध्दांजलि | 10x2 | 500 |
| पुण्यस्मरण | 15x2 | 1000 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

विदर्भ स्वाभिमान, छाया कॉलोनी, अमरावती

मो. 9423426199/ 8855019189


## विदर्भ स्वाभिमान

**हर दिन प्रभु का दिया गया हमारे जीवन का सुंदर उपहार रहता है. मानवता की सेवा के साथ यह प्रयास करें कि दिनभर अपने स्तर पर किसे खुशियां दे सकते हैं. खुशी केवल पैसे या मदद से नहीं दी जा सकती है. खुशी तो अपने स्वभाव,अपने व्यवहार से भी दी जा सकती है. जब हम किसी को मदद नहीं कर सकें तो ऐसी स्थिति में कम से कम अपने व्यवहार से उसे खुशियां देने का प्रयास कर सकते हैं. प्रकृति का नियम है, जो हम बांटते हैं, वही हमें वापस मिलता है. जितना संभव हो जीवन फूल का प्रतीक मानकर जिएं, जो उसे तोड़ने वाले के हाथ में खुशबू अवश्य देता है.**

### *जरूरी नम्बर टोल फ्री*

| | |
|---|---|
| *विद्युत सेवा* | *1912* |
| *पुलिस सेवा* | *112* |
| *अग्नि सेवा* | *101* |
| *एम्बुलेंस सेवा* | *102* |
| *यातायात पुलिस* | *103* |
| *आपदा प्रबंधन* | *108* |
| *चाइल्ड लाइन* | *1098* |
| *रेलवे पूछताछ* | *139* |
| *भ्रष्टाचार विरोधी* | *1031* |
| *रेल दुर्घटना* | *1072* |
| *सड़क दुर्घटना* | *1073* |
| *सीएम सहायता लाइन* | *1076* |
| *क्राइम सहायता* | *1090* |
| *महिला सहायता लाइन* | *1091* |
| *पृथ्वी भूकम्प* | *1092* |
| *बाल शोषण सहायता* | *1098* |
| *किसान काल सेन्टर* | *1551* |
| *नागरिक काल सेन्टर* | *155300* |
| *ब्लड बैंक* | *9480044444* |

# दस्तावेज के नाम पर खारिज नहीं कर सकती बीमा कंपनियां क्लेम

**विदर्भ स्वाभिमान, 12 जून**

नई दिल्ली- भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने मंगलवार को कहा कि साधारण बीमा कंपनियां दस्तावेज के अभाव में दावों को अस्वीकार नहीं कर सकती. इस संबंध में जारी मास्टर परिपत्र से सरल और ग्राहक केंद्रित बीमा के लिए नए युग की शुरुआत होगी. साधारण बीमा कारोबार पर व्यापक मास्टर परिपत्र, 13 अन्य परिपत्र को भी निरस्त करता है. इरडा के इस आदेश से लाखों पॉलिसीग्राहकों को बड़ी राहत मिलने वाली है. पहले बीमा कंपनियों द्वारा दस्तावेजों का दाखिला देते हुए कई दावों को रद्द कर दिया जाता था. इरडा के इस आदेश से अब बीमा कंपनियों की मनमानी पर लगाम लगेगा. इरडा ने कहा कि ग्राहकों की व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए आसानी से समझ में आने वाले बीमा उत्पादों का प्रविधान करना, ग्राहकों को पर्याप्त विकल्प देना और उनके बीमा अनुभव को बेहतर बनाना अब संभव हो गया है.

**ग्राहकों से जरूरी दस्तावेज ही लें**

परिपत्र में कहा गया है कि दस्तावेजों के अभाव में कोई भी दावा अस्वीकार नहीं किया जाएगा. प्रस्ताव की स्वीकृति के समय जरूरी दस्तावेजों को मांगना चाहिए. इसके मुताबिक, ग्राहकों से केवल उन दस्तावेजों को जमा करने के लिए कहा जा सकता है, जो जरूरी हैं और दावा निपटान से संबंधित हैं. इसके अलावा, खुदरा ग्राहक बीमाकर्ता को सूचित करके किसी भी समय पॉलिसी रद्द कर सकते हैं, जबकि बीमाकर्ता केवल धोखाधड़ी साबित होने के आधार पर पॉलिसी रद कर सकता है.बीमा कंपनी को पालिसी रद होने पर शेष बची अवधि के लिए आनुपातिक प्रीमियम वापस करना चाहिए. इरडा ने दावों के निपटान के लिए सख्त समयसीमा भी निर्धारित की है, जिसमें सर्वेक्षकों की नियुक्ति और उनका रिपोर्ट प्रस्तुत करना शामिल है. समय पर सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त करना बीमाकर्ता की जिम्मेदारी होगी.इसमें कहा गया है कि मकान मालिकों को "फायर" पालिसी में बाढ़, चक्रवात, भूकंप, भूस्खलन, चट्टान खिसकने, आतंकवाद जैसे अतिरिक्त कवर चुनने या व्यापक अग्नि एवं संबद्ध जोखिम पॉलिसी से बाहर निकलने का विकल्प होना चाहिए. बीमा कंपनियों को कवरेज का दायरा, वारंटी और दावा निपटान प्रक्रिया सहित स्पष्ट और संक्षिप्त पालिसी विवरण प्रदान करने के लिए ग्राहक सूचना पत्र (सीआइएस) भी देना होगा.

# भूलकर भी नहीं पहनना चाहिए दूसरे का वस्त्र

## पं.प्रदीप मिश्रा की सीख, जूता-चप्पल भी पहनने से बचने का प्रयास करें, अपना ही सदैव योग्य



**विदर्भ स्वाभिमान**
विशेष संस्कार पहल

### मानवता,पर्यावरण है महत्वपूर्ण

श्री विठ्ठलेश सेवा समिति के प्रमुख और अंतराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पंडित प्रदीप मिश्रा के मानवता की सेवा और धर्मानुकूल आचरण ही भारत की सदैव सबसे बड़ी ताकत रहा है. इसके मुताबिक इन्सान को इंसान से प्रेम करने के साथ ही जीवों से भी प्रेम करना चाहिए. पर्यावरण हमें बहुत कुछ देता है, ऐसे में उसकी रक्षा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है. इन दिनों राधारानी के प्रसंग को लेकर दो संतों प्रेमानंद महाराज और पंडित प्रदीप मिश्रा में ठनी है. उन्होंने विनम्रता पूर्वक कहा कि महाराजश्री उन्हें आदेश करते तो वे दौड़े चले आते. उन्होंने जो कहा है, वे कुबेरेश्वर धाम में आएँ. उन्होंने जो कुछ कहा है वह शास्त्र सम्मत है और इसे साबित कर सकते हैं.

ज़ीवन में हमारे पास जो है, उसमें ही संतोष होना चाहिए, दूसरे से तुलना अच्छाई के लिए ही करनी चाहिए. कभी भी किसी का वस्त्र तथा जूता-चप्पल भूलकर भी नहीं पहनना चाहिए. संतोषम परम सुखम को जो लोग जीवन का ध्येय बना लेते हैं, उन्हें कभी तकलीफ नहीं होती है. इस आशय की सीख अंर्तराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पंडित प्रदीप मिश्रा ने दी. उनकी कथाओं में लाखों भक्तों की भीड़ को वे भोलेनाथ की जहां कृपा बताते हैं, वहीं कहते हैं कि भगवान भोलेनाथ के भक्त के तमाम दुःखों को वे दूर करते हैं और सदैव भक्तों को इच्छीत इच्छाएं पूरी करते हैं. आमतौर पर सावन महीनें में आने वाले सोमवार, शिवरात्रि या अन्य ऐसे ही खास पर्व पर शहर धार्मिक उल्लास में डूबकर धर्ममय हो जाता है, लेकिन सोमवार को ऐसा कुछ नहीं था, फिर भी पूरा इंदौर शहर शिवमय हो गया. दरअसल, विख्यात शिवपुराण कथाकार प्रदीप मिश्रा के शिव चर्चा आयोजन में लाखों की संख्या में भक्त पहुंचे थे. शिव चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि दिल से बोलिए श्री शिवाय नमस्तुभ्यं, और कहा आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी.उनकी जहां भी शिव महापुराण कथा होती है, वहां भक्त जुटने लगते हैं. कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की एक दिन की शिवचर्चा के लिए रविवार से ही भक्त आयोजन स्थल कनाडिया रोड के प्रेम बंधन गार्डन में जुटने लगे थे. रात तक हजारों की संख्या में यहां लोग जुट गए. आयोजकों की तरफ से सभी के लिए भोजन और अन्य व्यवस्थाएं की गई थी. वहीं पुलिस ने भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे. सभी के जीवन में संघर्ष शिव चर्चा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि संघर्ष सभी के जीवन में आता है. भगवान राम, कृष्ण और गौतम बुद्ध के अवतारी जीवन में भी संघर्ष आया है.




**विदर्भ स्वाभिमान**

**कमाने का सुनहरा अवसर,विज्ञापन सहयोगी चाहिए**

विदर्भ में तेजी से लोकप्रिय, आचार-विचार और संस्कारों को बढ़ावा देने वाले विदर्भ स्वाभिमान को विज्ञापन सहयोगी की आवश्यकता है. बाजार पर पकड़ रखने वाले और आर्थिक मजबूती के साथ ही संभाषण कला में निपुण युवक-युवतियां संपर्क करें. काम के आधार पर मानधन और उनके द्वारा किए गए व्यवसाय पर कमीशन भी दिया जाएगा. मेहनती तथा काम के प्रति जिद्दी युवक-युवतियां ही संपर्क करें.संपर्क का समय सुबह 10-12 बजे

**मोबाइल 9423426199/8855019189**

**वार्ड संवाददाता चाहिए**

अमरावती महानगर पालिका क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है. वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का फैसला विदर्भ स्वाभिमान ने लिया है. ऐसे में वार्ड स्तर पर संवाददाताओं की नियुक्ति करनी है. समस्या की समझ के साथ ही समाजसेवा में रूचि रखने वाले युवा संपर्क कर सकते हैं. अपने क्षेत्र की समस्याएं आप भी जागरूक नागरिक के रूप में देकर प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं. अपने क्षेत्र में मार्केटिंग के साथ ही विज्ञापन व्यवसाय के माध्यम से बेहतरीन कमाई भी कर सकते हैं. मेहनत करने की तैयारी वाले ही तत्काल संपर्क करें

संपर्क
छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती
मो. 9423426199/8855019189






**विदर्भ स्वाभिमान**

सदस्य बनें

विदर्भ स्वाभिमान संस्कारों का प्रोत्साहित करने वाला अखबार है. बच्चों के लिए यह ज्ञान का भंडार है. इसकी सदस्यता का अभियान चल रहा है. ऐसे में सदस्य बनने के इच्छुक संपर्क करें. मार्केटिंग करने तथा पेपर बांटने के लिए लड़के चाहिए.

संपर्क
छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती.
मो.9423426199

# शिक्षा ही नहीं, सर्वांगीण विकास की गारंटी है दिल्ली पब्लिक स्कूल में

## ख़ेल के साथ ही शिक्षा में चमके हैं कई छात्र, पर्यावरण पर भी देते हैं ध्यान

**अमरावती-** छात्रों को बेहतरीन शिक्षा के साथ ही आदर्श संस्कार, भारतीय परिवेश के साथ ही हर क्षेत्र में बेहतरीन बनाने का कार्य दिल्ली पब्लीक स्कूल के माध्यम से किया जाता है. यही कारण है कि केवल अमरावती नहीं बल्कि विदर्भ तथा राज्यस्तर पर इस विद्यालय ने स्वयं का स्थान बनाया है. विद्यालय में प्रवेश का मतलब होता है कि छात्रों का सर्वांगीण विकास.संचालकों के साथ ही उच्च शिक्षित शिक्षकों द्वारा खेल, पर्यावरण, माता-पिता की सेवा के साथ ही शिक्षा के साथ ही छात्रों के सर्वा गीण का ध्यान दिया जाता है. यही कारण है कि कुछ ही वर्षों में इस विद्यालय की ख्याति और लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है. संचालकों के साथ ही यहां बच्चों को हर तरह की सुविधाएं दी जाती हैं. स्वास्थ्य को लेकर समय-समय पर सुख्यात डाक्टरों के मार्गदर्शन का सत्र रखा जाता है. इससे विद्यालय में प्रवेश के लिए अभिभावकों की भीड़ उमड़ती है. विद्यालय की बढ़ती लोकप्रियता के साथ ही यह विदर्भ का पहला विद्यालय बना है, जहां के छात्रों ने राष्ट्रपति भवन, संसद भवन का कामकाज देखा. बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता है, इसका अनुभव यहां पर आया है.

बिना पर्यावरण के इन्सान जिंदा नहीं रह सकता है. यही कारण है कि प्रकृति है तो ही इन्सान है. इसके महत्व को बताते हुए विदर्भ के सुख्यात दिल्ली पब्लीक स्कूल में बच्चों को पर्यावरण का महत्व बताया गया. अमरावती ही नहीं तो बेहतरीन शिक्षा के मामले में समूचे विदर्भ में सुख्यात डीपीएस में शिक्षा ही नहीं बल्कि छात्रों के सर्वा गीण विकास का प्रयास किया जाता है. यही कारण है कि समय के साथ ही विद्यालय में वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है.

इसी कड़ी में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को पर्यावरण के महत्व बताने के साथ ही इसकी महत्ता और इसे बेहतरीन बनाए रखने के लिए लोगों को क्या करना चाहिए, इसकी जानकारी छात्रों को दी गई. प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से प्रदूषित होते पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने की महती आवश्यकता है और पौधारोपण से अच्छा कोई



विकल्प नहीं है. क्षेत्र की अग्रणी शिक्षण संस्था दिल्ली पब्लिक स्कूल सर्वदा सामाजिक सन्देश देने में अग्रसर रहती है जिससे हमारी वर्तमान और भावी पीढ़ियां लाभान्वित हो सके. इस तारतम्य में ? जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर डीपीएस में पौधरोपण का कार्यक्रम उल्लासपूर्वक आयोजित हुआ.

स्कूल में हुए कार्यक्रम में विद्यालय की तरक्की में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और छात्रों के लिए आयोजित उपक्रमों में उपस्थीत रहकर मार्गदर्शन करने वाले प्रभारी उपाध्यक्ष डोलेंद्र पाटील ने विश्व पर्यावरण दिन के महत्व पर प्रकाश डाला.

# मानव धर्म को समर्पित व्यक्ति हैं मुख्तार अहमद



**प्रतिनिधि, 12 जून**

**अमरावती-** ज़ीवन में किसी रोते के चेहरे पर आंसू लाने, किसी पीड़ित की मदद करने के साथ ही उसे कुछ पल की खुशियां देने से बड़ा धर्म नहीं हो सकता है. धर्म का आचरण ही जीवन जीना और कैसे जीना यह सिखाता है. मानवता की सेवा से बड़ी सेवा नहीं हो सकती है. हम सभी दुनिया में मुसाफिर हैं और ट्रेन से एक न एक दिन उतरना है. लेकिन जो लोग जीवन में दूसरों के दुःखों में दुखी होते हैं, वह कभी नहीं मरते हैं. परमार्थ जितना ताकतवर दूसरा कुछ नहीं होता है. इसलिए अपने से कमजोर लोगों की मदद के लिए सदैव प्रयास करते रहना चाहिए. इस आशय का मत अमरावती हलचल के संपादक और हमारे प्रिय मित्र मुख्तार अहमद ने दी. संघर्ष से स्वयं का मकान बनाने वाले मुख्तार भाई ने सर्वधर्म समभाव को जहां मजबूत करने के लिए सदैव प्रयास किया, वहीं दूसरी ओर मानव की खुशियों को सबसे बड़ा माध्यम बताया. हंसाने की ताकत से बड़ा पुण्य नहीं है और किसी के चेहरे पर खुशी लाने वाले के चेहरे पर ऊपरवाला कभी गम नहीं आने देता है. विश्वास को जिंदगी की सबसे बड़ी ताकत बताई.

मजहब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना इस गीत ने मजहब का सही मायने में अर्थ बताने के बाद आज भी जिस तरह से देश में जाति, धर्म, पंथ, प्रदेश, भाषा के नाम पर तनाव जैसी स्थिति है, वह निश्चित ही चिंतनीय है. इंसानियत से बड़ा धर्म, किसी भूखे को भोजन कराने, मुसीबत में फंसे इंसान की मदद करने जैसा पुण्य का काम कोई नहीं रहता है. जिसदिन सभी इस बात को मानने लगेंगे, धरती पर जन्नत होगी. हर इंसान खुश होगा और जीवन खुशहाल होगा. इस आशय की बेबाक राय अमरावती हलचल न्यूज चैनल के संपादक, अजीज मित्र मुख्तार भाई

**विदर्भ स्वाभिमान**




ने व्यक्त किया. आगामी 20 जून को अपने जन्मदिनके उपलक्ष्य में विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत करते हुए स्वयं भी सर्वधर्म समभाव का पालन करने वाले मुख्तार भाई ने कहा कि मोहब्बत से बड़ी ताकत दुनिया में नहीं है. इंसान ही इंसान के काम आना चाहिए.

शहर में मानवता की सेवा के समर्पित सिपाही के रूप में सुख्यात मुख्तार भाई की सादगी किसी को भी प्रभावित करती है. आधुनिक विचारों के साथ ही संस्कारों को वे महत्व देते हैं. उनका कहना है कि हमारी तहजीब छोटों को प्यार और बड़ों को सम्मान सिखाती है. उनका मानना है कि मानवता से बड़ा धर्म नहीं हो सकता है.राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत रहने वाले मुख्तार भाई की बेटी उच्च शिक्षित है. बेटा भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहा है. उनके मुताबिक देश की सुरक्षा और उसकी हिफाजत हर भारतीय का पहला कर्तव्य होना चाहिए. क्यों कि अगर देश सुरक्षित रहेगा तो ही हम सब सुरक्षित रहेंगे.

सामाजिक कामों में भी सदैव अग्रणी रहने के साथ ही एकता की ताकत को सबसे बड़ी ताकत बताते हैं. बडनेरा निवासी तथा यारों के दिलदार यार के रूप में मुख्तारभाई जहां सुख्यात हैं, वहीं उनकी सर्वधर्म समभाव के पैरोकार की छवि का अनुभव उनसे जुड़े हर व्यक्ति को अमरावती शहर में फैले तनाव के दौरान उनके द्वारा संचालित वाटसअॅप ग्रुप के माध्यम से आया. इसमें उन्होंने ग्रुप पर तनाव फैलाने वाली पोस्ट करने के लिए कइयों को जमकर फटकार लगाई थी.

साप्ताहिक अमरावती हलचल के संपादक के रूप में जहां वे सेवा कामों में सदैव रत रहते हैं, वहीं सामाजिक सद्भावना के लिए निरंतर प्रयासरत हैं. बडनेरा पुलिस द्वारा उनके कामों की कई बारसराहना की जा चुकी है. स्वयं के साथ ही मित्रों को भी सदैव सामाजिक कामों में प्रेरणा देने का काम करते हैं.सकारात्मक सोच न केवल स्वयं के लिए बेहतरीन रही है बल्कि साथ में रहने वालों को भी प्रेरणा देती है. जब हम अच्छा सोचते हैं तो हमारा भी सदैव अच्छा होता है. जिस तरह पानी अपने लिए कहीं भी जगह बना लेता है, उसी तरह नेक लोगों को तकलीफ हो सकती है लेकिन उनका हौसला सदैव मजबूत रहता है.

बेबाकी के लिए सुख्यात मुख्तारभाई का कहना है कि हम अच्छे तो जग अच्छा. जैसा चष्मा पहनेंगे, दुनिया वैसी ही दिखेगी. इसलिए स्वयं अच्छे बनने का प्रयास सभी को करना चाहिए. अच्छाई में बुराई को भगाने की ताकत होती है. लेकिन इसके साथ अच्छाई दिखाने के लिए नहीं बल्कि दिल की जानी चाहिए. ऐसा करने के बाद ही अच्छाई का असर दिखाई देता है.मुख्तारभाई को जन्मदिन 20जून पर हमारी करोड़ों मुबारकबाद. वे स्वस्थ रहें, मस्त रहें और आगे बढ़ते रहें, यही कामना.

**विदर्भ स्वाभिमान डेस्क.**





साप्ताहिक अमरावती हलचल के संपादक,सर्वधर्म समभाव क
से जतन करने वाले, यारों के दिलदार यार

मुख्तार अहमद

को जन्मदिन 20 जून

क़ो ढेरों शुभकामनाएं, आप स्वस्थ रहें, मस्त रहें, यही कामना.





# करें परहेज, गर्भावस्था के दौरान सीने में होती है जलन

गर्भावस्था के दौरान होने वाले बदलाव में से एक महत्वपूर्ण बदलाव जिसके कारण सीने में जलन होना आम बात है. इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए.गर्भावस्था में पाचनयंत्र कमजोर होने से सीने में जलन की परेशानी होती है.गर्भावस्था में इम्यूनिटी के साथ पाचन तंत्र भी कमजोर हो जाता है.इस समय पाचन ठीक नहीं हो अपने से और गर्भाशा में शिशु को जगह देने से आसपास के अंगों पर दबाव पड़ता है,जिससे पाचन से जुड़ी कई तरह की समस्याएं जैसे की गैस अपच और सीने में जलन हो सकती हैं.

गर्भावस्था के 20 हफ्ते के बाद में यह परेशानियां और बढ़ जाती हैं.शिशु का आकार बढ़ाने पर उसे ज्यादा जगह की जरूरत पड़ने लगती है और इससे डायाफ्राम पर दबाव पड़ता है.पेट का खाना भोजन नली में वापस आ जाता. इस वजह से सीने में जलन हो सकती है.कुछ पदार्थ



भी सीने में जलन पैदा कर सकते हैं.इसीलिए अगर गर्भावस्था में सीने में जलन या पाचन में कोई परेशानी हो तो इन चीजों को खाने से बचें.गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को नींबू और मसालेदार पदार्थों को खाने से बचना चाहिए.इन परेशानियों से बचने के लिए सुबह उठ कर नारियल का पानी पीना बेहतर रहता है.नारियल पानी कई विटामिनों से युक्त रहता है,इसमें बड़ी मात्रा में खनिज भी पाया जाता है.इसके माध्यम से शरीर में पानी की भी पूर्ति होती है.गर्भवती महिला को यह सारी सावधानी बरतने से काफी लाभ होता

# ज़न्मदिन पर हजारों ने दी शुभकामनाएं

## हनुमान युवक मंडल ने किया सत्कार, सभी के प्रति जताई कृतज्ञता



**प्रतिनिधि,12 जून**

**अमरावती-** ज़ीवन में सदैव सकारात्मक पत्रकारिता करने वाले तथा सामाजिक, धार्मिक गतिविधियों में अग्रणी विदर्भ स्वाभिमान के संपादक सुभाष दुबे के जन्मदिन पर हनुमान युवक मंडल के सभी सेवकों ने घर पहुंचकर स्वागत किया. इस मौके पर हुए कार्यक्रम में सभी ने उनके जीवन पर जहां विचार व्यक्त किया. अपने मार्गदर्शन में सुभाष दुबे ने भी हनुमान युवक मंडल के कार्यों को अनुकरणीय बताते हुए मंडल की एकता तथा मंदिर के विकासार्थ मंडल द्वारा किए जाने वाले कार्य की सराहना की. मंडल के सभी पदाधिकारियों ने जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए सभी ने सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की. संचालन राजेश सोलव तथा आभार प्रदर्शन प्रमोद राऊत ने किया. इस समय मंडल के विनोद गोले, प्रदीप कलसकर, राजूभाऊ, अतुल, कैलाशभाऊ वानखडे के साथ ही मंडल के सभी सेवक उपस्थित थे. सभी के प्रति विदर्भ स्वाभिमान परिवार तथा दुबे परिवार की ओर से सुभाष दुबे ने कृतज्ञता जताते हुए भविष्य में भी इसी तरह का प्रेम, अपनापन मिलने का विश्वास जताया. उल्लेखनीय है कि हर साल मंडल द्वारा अपने सभी सदस्यों का जन्मदिन इसी आत्मीयता के साथ मनाया जाता है. उनके घर पर पहुंचकर खुशियां देने के साथ ही अल्पोहार अथवा भोजन का कार्यक्रम रखा जाता है. अत्यंत आत्मीयता के साथ हुए कार्यक्रम में सभी के चेहरों पर जबर्दस्त खुशी थी.








सदस्यता पंजीयन शुरू

विदर्भ स्वाभिमान नारी युवा मंच की सदस्यता पंजीयन का अभियान आरंभ हो गया है. आप भी फार्म भरकर सदस्य बनकर अपनी खुशियों को बढ़ाने का काम कर सकती हैं. सदस्य बनने के लिए कार्यालय में संपर्क करें.

मो. 8855019189

9518528233

# जिला परिषद शिक्षक सहकारी बैंक जीता है अपने ग्राहकों का सदैव विश्वास : राजेश देशमुख

**अमरावती-** जिले में शिक्षकों की सहकारी बैंक जिला परिषद शिक्षक सहकारी बैंक जहां आर्थिक रूप से मजबूत है, वहीं दूसरी ओर बैंक की पारदर्शी कार्यप्रणाली के साथ ही जिले ही नहीं तो समूचे विदर्भ में इसे सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है.बैंक ने सदैव अपने ग्राहकों का विश्वास जीतने में कामयाबी प्राप्त की है. आज सभी के सहयोग से ही अध्यक्ष तथा संचालक मंडल के प्रयासों से बैंक लगातार कई पुरस्कार हासिल कर चुकी है. ग्राहकों को तत्पर सेवा देने वाली बैंक के रूप में इसकी ख्याति है.

बैंक के अध्यक्ष और संचालक मंडल के मार्गदर्शन में बैंक द्वारा जिला परिषद शिक्षकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन करने के कारण इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है. शिक्षकों के साथ ही शेअर होल्डरों का विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत होने की बात बैंक के महाप्रबंधक राजेश देशमुख ने कही. उनके मुताबिक सहकारिता के माध्यम से रोजगार को बढ़ावा देने का व्यापक स्कोप है. पश्चिम महाराष्ट्र की प्रगति में सहकार से कल्याण वाली भूमिका काफी मायने रखती है. बैंक के अध्यक्ष के साथ संचालक मंडल की दूरदृष्टि और बैंक की प्रगति के लिए लगातार किए जाने वाले प्रयासों और इसके साथ ही बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों का समर्पण भाव और बैंक की प्रगति में योगदान देने वाली सोच के कारण ही इस बैंक ने अपार सफलता प्राप्त की है. बैंक के हर सदस्य द्वारा बैंक की प्रगति में योगदान देने का प्रयास ही बैंक की शानदार कामयाबी का कारण रहने की बात कही.

सहकारिता क्षेत्र की विश्वसनीय और सभी को साथ में लेकर चलने वाली और ग्राहकों का विश्वास जीतने वाली बैंक के रूप में जिला परिषद शिक्षक सहकारी बैंक की ख्याति है. संचालक मंडल के कुशल मार्गदर्शन में बैंक द्वारा लगातार ग्राहकों का विश्वास जीतने में कामयाबी मिल रही है. संस्था में समर्पित पदाधिकारी और कर्मचारी रहने के बाद संस्था प्रगति करती है.बैंक के संचालक तथा पदाधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन और ग्राहकों के विश्वास के कारण बैंक ने कई कामयाबी प्राप्त की है. विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत करते हुए सहकारिता क्षेत्र में गहन अभ्यासक और सभी को साथ लेकर और सम्मान देकर काम करने में विश्वास रखने वाले राजेश देशमुख ने कहा कि बैंक अध्यक्ष, संचालक मंडल के समर्पण के कारण ही बैंक ने यह कामयाबी हासिल की है. बैंक के संचालकों की दूरदृष्टि और जनहित में विभिन्न योजनाओं को लाने के साथ ही शिक्षकों के अपार विश्वास के साथ ही बैंक पर जताये जाने वाले विश्वास के लिए उन्होंने सभी को सराहना की.सभी के सहयोग से यह संभव होने की बात राजेश देशमुख ने कही.




## गुरूवार 23-30 मई 2024

**मेष**
यह सप्ताह खुशियों वाला रहेगा और इस दौरान किया गया कोई भी काम अच्छा परिणाम देगा. माता-पिता का आशिर्वाद असंभव को भी संभव करा सकता है.

**वृषभ**
शांति के साथ स्थितियों को हल करने का प्रयास आपके लिए हितकारी रह सकता है. वर्ना बड़ा नुकसान होने की आशंका है. संभलकर बोलें.

**मिथुन**
अपनों से प्रेम ही आपकी प्रगति का माध्यम बन सकता है. यह स्थिति कैरियर के लिए नुकसानदेह हो सकती है. छात्रों को स्पर्धा परीक्षा के लिए की गई मेहनत का फायदा मिलने वाला है.

**कर्क**
आय देखकर व्यय करने से ही कई समस्याओं का समाधान हो सकता है. आपसी सहमति नहीं बनने से कार्यस्थल पर विरोधाभासी स्थिति बन सकती है. धार्मिक यात्रा हो सकती है.

**सिंह**
सप्ताह खुशियों वाला रहेगा. नाहक के विवाद से बचने का प्रयास करना श्रेयस्कर होगा. लीक से हटकर चलना फिलहाल जोखिमपूर्ण है.

**कन्या**
विरोधी साजिश में फंसाने का प्रयास कर सकते हैं. ऐसे में सतर्कता बरतना जरूरी है. संयम से काम लेना उचित रहेगा. क्रोध से बचना आपके लिए लाभदायी होगा.

**तुला**
नई योजनाओं, स्पर्धा परीक्षा तथा नए व्यवसाय में कामयाबी मिल सकती है. भावी योजनाओं के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे.

**वृश्चिक**
दूसरों को प्रभावित करने के लिए स्वभाव में बदलाव का प्रयास करेंगे. निश्चित कामों में सफलता मिलने की संभावना है. प्रयासों की निरंतरता जरूरी.

**धनु**
गुस्से से बना बनाया काम बिगड़ सकता है. विनयशीलता और प्रेम से काम लेने का प्रयास करें. वाहनादि धीरे से चलाएं.

**मकर**
माता-पिता की सेवा का बेहतरीन लाभ हो सकता है. उन्हें प्रसन्न रखने और उनकी सलाह माननी लाभदायी हो सकती है.

**कुंभ**
आपकी इच्छाएं पूरी होने वाली हैं. वाहन चलाते समय सतर्कता और सावधानी बरतना श्रेयस्कर रहेगा.

**मीन**
दौड़धूप कर रास्ते में आने वाली मुश्किलें दूर हो सकती हैं. व्यापारिक विस्तार की संभावना बढ़ रही है.




# ज़नसेवा के समर्पित योद्धा हैं नितिन कदम

**बडनेरा निवासी और सफलतम व्यवसायी नितिन कदम की लोकप्रियता तेजी से न केवल जिले में बल्कि सभी स्थानों पर बढ़ रही है. गरीबों की मदद, किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए वे जहां सदैव तत्पर रहते हैं, वहीं दूसरी ओर उन्होंने जनता की सेवा को अपना उद्देश्य बना लिया है. उनके जन्मदिन 16 जून को विभिन्न सामाजिक उपक्रमों का आयोजन किया गया है. मिलनसार, गरीबों के कैवारी के साथ ही दीन-दलितों पीड़ीतों की मदद के लिए तैयार रहने के कारण उन्हें बडनेरा के सेवा योद्धा के रूप में लोग सम्मान दे रहे हैं. इतना ही नहीं तो उन्हें भावी विधायक के रूप में देख रहे हैं. उनके जन्मदिन पर विदर्भ स्वाभिमान परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं. लोगों से मिल रहे प्यार को वे अपनी असली दौलत मानते हैं. जनता की सेवा में सदैव स्वयं को झोंकने का प्रयास करते हैं.**

# झिरी दत्त मंदिर में जारी है भागवता कथामृत सप्ताह

अमरावती- शहर ही नहीं तो विदर्भ तथा राज्यस्तर पर सुख्यात श्री झिरी दत्त मंदिर में मूर्ति स्थापना तथा समाधि को सौ साल पूरा होने के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं. बुधवार 12 से 18 जून तक भागवत कथामृत सप्ताह का आयोजन किया गया है. मंदिर प्रबंधन तथा वरणगांवकर परिवार के संयुक्त सहयोग से होने वाली इस भागवत सप्ताह में कथा प्रवक्ता डॉ. चारूदत्त आफले भक्तों को भागवत कथा का रसपान कराएंगे. कथा के अलावा अन्य विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है. इसका लाभ लेने का आग्रह किया गया है.

कार्यक्रम की कड़ी में बुधवार 12 जून को सुबह 8.30 बजे ग्रंथ व कलश पूजन तथा शोभायात्रा निकलेगी. शाम 4.30 बजे गोकर्ण महात्म्य वाचन, भागवत महात्म्य, राजा को श्राप, वन गमन सहित अन्य प्रसंगों पर कथा सुनाएंगे. 13 को सुबह 9 से 12 बजे तक कपिल अवतार, दत्त अवतार, ध्रुव कथा, 14 को ऋषभदेव, दधिची कथा, प्रल्हाद कथा, चंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, मोहिनी अवतार, 15 को वामन अवतार, श्री परशुराम कथा और अन्य प्रसंगों की कथा होगी. बताया गया कि कथा के तहत 16 को कृष्ण जन्म, गोवर्धन पूजा, कंसवध, सांदिपनी पुत्र शोध तथा द्वारका निर्माण, 17 को रुक्मिणी स्वयंवर, स्यमंतक मणी कथा, नरकासुर का वध और सुदामा कथा, 18 को अवधूत के 24 गुरू, अंतिम उपदेश, रासनृत्य, गोपालकाला तथा परीक्षित का स्वधाम गमन प्रसंग की कथा प्रवक्ता डॉ. चारूदत्त आफले सुनाएंगे.

**भागवत प्रसाद 19 को-**कथा का समापन 19 जून को भागवत प्रसाद के साथ होगा. कथा तथा भागवत प्रसाद का लाभ भक्तों से उठाने का आग्रह श्री दत्त मंदिर, झिरी,बडनेरा के प्रबंधन द्वारा किया गया है. उल्लेखनीय है कि अमरावती ही नहीं तो इस मंदिर में विदर्भभर से हजारों की संख्या में भक्त दर्शनार्थ आते हैं.

विदर्भ स्वाभिमान
विज्ञापन सहयोगी चाहिए

विदर्भ में तेजी से लोकप्रिय, आचार-विचार और संस्कारों को बढ़ावा देने वाले विदर्भ स्वाभिमान को विज्ञापन सहयोगी की आवश्यकता है. बाजार पर पकड़ रखने वाले और आर्थिक मजबूती के साथ ही संभाषण कला में निपुण युवक-युवतियां संपर्क करें. काम के आधार पर मानधन और उनके द्वारा किए गए व्यवसाय पर कमीशन भी दिया जाएगा. मेहनती तथा काम के प्रति जिद्दी युवक-युवतियां ही संपर्क करें.

संपर्क का समय सुबह 10-12 बजे
मोबाइल 9423426199

# क़ेन्द्र सरकार नई ताकत से काम में जुटी

## किसानों, गरीबों के साथ सभी को लाभान्वित करने का प्रयास



अमरावती- केन्द्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही देश में उत्साह है. भाजपाईयों ने अमरावती के राजकमल में जिस तरह का जल्लोश मनाया, वह अभूतपूर्व देखा गया. लेकिन इसके साथ ही कुछ अतिउत्साही कार्यकर्ताओं द्वारा की जाने वाली हरकतों के चलते पुलिस तथा प्रशासन के साथ ही भाजपा की प्रतिमा भी प्रभावित होती है. इससे बचने का प्रयास किया जाना चाहिए. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शपथग्रहण कर लिया है, पिछली सरकार के ही कई चेहरे नई सरकार में पूर्व की जिम्मेदारी पर ही दिखाई देने से सरकार नई लेकिन पॉवर वही बाली बात भी साबित हो रही है.

भाजपा को जिन चार प्रमुख राज्यों में जोर का झटका लगा उनमें उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र बंगाल और राजस्थान हैं- इन राज्यों का प्रतिनिधित्व केन्द्र सरकार में घटा है. वहीं महाराष्ट्र में झटके का एक कारण एनसीपी और शिवसेना में तोड़-फोड़ को भी माना जा रहा है. प्रश्न यह है कि क्या एनसीपी और शिवसेना से टूटकर निकले दल बिना शीर्ष नेतृत्व की सहमति और समर्थन से भाजपा के पाले में आए और महाराष्ट्र सरकार की सत्ता में साझीदार बने? विदर्भ से नितिन गड़करी, प्रताप जाधव के रूप में मंत्री मिले हैं, वहीं दूसरी ओर अमरावती जिले से नवनीत राणा की हार को लेकर कई लोगों द्वारा अब दुःख व्यक्त किया जा रहा है. मंत्रिमंडल द्वारा पुरानी योजनाओं पर तेजी से अमल के संकेत के साथ ही किसानों के साथ ही गरीबों को स्वयं का घर दिलाने वाले आदेश पर प्रधानमंत्री ने पहले दिन ही हस्ताक्षर कर लिए हैं. सरकार द्वारा जनहित में ही फैसले करने के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को अत्याधिक महत्व देने पर बल दिया जाने वाला है. कुल मिलाकर मोदी सरकार तीसरी पारी में देशवासियों की नाराजी को अपने कामों से दूर करने का प्रयास करने वाली है.अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ विकास को बढ़ावा सरकार की नीति रहने वाली है.




गुणवत्ता विश्वसनीयता तत्पर सेवा

शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.

--संपर्क--

प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.

सन 1967 पासून

अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्‌चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट

संजय एजंसीज्

टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.

फोन 2564125,2674048

राजपुरोहित डिजिटल स्टुडियो

शादी-ब्याह का रंग, हमारे संग

आधुनिकतम साज-सज्जा के साथ ही रियायती कीमत में बेहतरीन गुणवत्ता क़ी विडियो शूटिंग के लिए शहर ही नहीं तो समूचे विदर्भ में एकमात्र विश्वसनीय केन्द्र.फोटोग्राफी, विडियो शूटिंग के साथ अलबम के काम किए जाते हैं.

राजपुरोहित फोटो स्टुडियो

कृष्णार्पण कॉलोनी, संत लहानुजी महाराज मंदिर के पास,अमरावती.अमरावती.

मो.9028123251








विदर्भ स्वाभिमान

मानव सेवा,माता-पिता सेवा को प्रोत्साहित करने वाला समाचार पत्र

घर की छत पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की सुविधा करें. भीषण गर्मी में उन्हें हमारी सर्वाधिक जरूरत है. सृष्टि हित में विदर्भ स्वाभिमान की विनम्र प्रार्थना है. इस माध्यम से पुण्य कमाने का सुअवसर मिल रहा है.

# विदर्भ स्वाभिमान

www.vidarbhswabhiman.com

संपादक - सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे 9423426199/885501918






❖ अमरावती, गुरूवार 6 से 12 जून 2024 ❖वर्ष :14 ❖ अंक- 50 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य - 4/- पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2022-2024 ❖डाक : शुक्रवार-शनिवार





समूचे भारत में माता-पिता की सेवा के महात्म्य और उनके आशिर्वाद की महत्ता को बढ़ावा देने वाले, भारतीय संस्कृति, धर्म और सामाजिक अच्छाईयों को समर्पित तथा इसे ही बढ़ावा देने के संकल्प के साथ 14 वर्षों से पत्रकारिता का गौरव बढ़ाने वाला एकमात्र समाचार पत्र. मानवता की सेवा, पशुओं की रक्षा के साथ ही बच्चों पर आदर्श संस्कार के लिए प्रयासरत हैं. आप भी माता-पिता की सेवा से जुड़े अपने विचार हमें भेज सकते हैं. मानवता की सेवा वाले प्रसंगों को भी प्रकाशित करेंगे.

## पर्यावरण रहेगा तो हम रहेंगे-नेत्रदान है श्रेष्ठ दान

तेजी से बढ़ रही गर्मी, कभी भी हो रही बारिश और मौसम में लगातार बदलाव के लिए इन्सानी गलती ही जिम्मेदार है. विश्व पर्यावरण दिवस पर इस बार बारिश में सभी को दो-दो पेड़ लगाने और उसका संवर्धन करने का संकल्प लेना चाहिए. ऐसा करने से ही सही मायने में विश्व पर्यावरण दिन की सार्थकता होगी. सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शभकामनाएं.इसी तरह १० जून को विश्व नेत्रदान दिवस के उपलक्ष्य में सभीं को मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं. सभी को नेत्रदान का संकल्प लेते हुए ऐसे लोगों के जीवन में रोशनी देने का प्रयास करना चाहिए. शरीर जलने से पूर्व का यह परमार्थ सर्वोच्च साबित होता है.


## विज्ञापन, आजीवन सदस्य बनने के लिए संपर्क करें

हमारा पता-विदर्भ स्वाभिमान श्रीहरी भवन, छाया कॉलोनी, गजानन महाराज मंदिर के पीछे,

जाधव आटा चक्की तथा विदर्भ स्वाभिमान गल्ली, अमरावती.

मोबाइल 9423426199/8855019189/8208407139

Email-vidarbh.swabhiman@gmail.com,www.vidarbhswabhiman.com